१९९


Say No To Plastic
REDUCE - REUSE - RECYCLE PLASTIC

# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार

रजि. न. 34300/80 संख्या 142 पोर्ट ब्लेयर, बुधवार, 22 जून, 2011


## दो बस मालिकों के परमिट रद्द किए गए

पोर्ट ब्लेयर, 21 जून।

अधिसूचित जारावा नीति के प्रावधानों सहित मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के लिए राज्य परिवहन प्राधिकरण ने दो बसों के मालिकों के सम्बन्ध में स्टेज कैरिएज परमिट रद्द कर दिया है। राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य यात्रियों को लेकर आबंटित मार्ग में बस नहीं चलाए जाने और यात्रियों से अधिक किराया लिए जाने के लिए मध्य अंडमान के रंगत के श्री एच.बी. शुक्ला के स्टेज कैरिएज परमिट को रद्द कर दिया गया है।

इसी प्रकार अधिसूचित जारावा नीति के उल्लंघन तथा जारावा आरक्षित क्षेत्रों के माध्यम से पारगमन के लिए 'क्या करें क्या नहीं करें' की अंदेखी के लिए बुनियदाबाद के श्री आर.एस. यादव के परमिट को रद्द किया गया है। श्री आर.एस. यादव से सम्बद्ध बस द्वारा आबंटित मार्ग में वाहन नहीं चलाए जाने व यात्रा पूरा नहीं करने तथा यात्रियों से ज्यादा किराया वसूलने से सम्बन्धित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन करता हुआ पाया गया है।

पोर्ट ब्लेयर, 21 जून।

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के निदेशालय ने बाजार में आवश्यक वस्तुओं की खुदरा बिक्री मूल्य जारी किया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रांडड पैकेटबंद आटे की कीमत 28रू. से 35रू., चीनी (शक्कर) 35रू., आन्ध्रा पोन्नी 24रू., पोन्नी कच्चा चावल सन ब्रांड 35रू., पोन्नी उबला चावल सन ब्रांड 35रू., कच्चा चावल (सामान्य) 22रू.,उरद दाल 78रू., मूंग दाल 70रू., सफेद मटर 29रू., चना दाल 45रू., अरहर दाल 72रू., मसूर दाल 50रू., मटर (पीली) 30रू., चना 40रू., मूंगफली का तेल (खुला) 84रू., सरसों का तेल (खुला) 85रू., प्याज 20रू तथा आलू 16रू. प्रति किलो निर्धारित की गयी है।

## कच्ची सड़क का निर्माण

–पोर्ट ब्लेयर, 21 जून।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनारेगा) के तहत गाराचरामा–2 की वार्ड संख्या–10 में कच्ची सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। गाराचरामा–2 ग्राम पंचायत के प्रधान श्री राजेशपाल गोविंद ने कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य के जरिए 1567 श्रम दिवसों का सृजन किया जाएगा और इसमें 2,66,390 रूपए खर्च होने का अनुमान है।

में पेटरोजावोडस्क हवाई अड्डे से दो किलोमीटर दूर सोमवार को रूसएयर टीयू–134 विमान स्थानीय समायानुसार मध्य रात्रि में उतरने का प्रयास कर रहा था। लेकिन मास्को के दोमोदेदोवो हवाई अड्डे से आ रहा यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हवाई अड्डे तक पहुंचने से पहले इसमें आग लग गयी।

आपात स्थिति मंत्रालय के स्थानीय शाखा ने अपने वेबसाइट पर एक बयान जारी कर कहा है "20 जून को टीयू–134 विमान ने मुश्किल स्थित में उतरने का प्रयास किया।

पूर्वानुम... मध्यम ... में मध्य... पड़ेंगी। घंटा य... कल क... न्यूनतम... (सांभार)

डाक ...

आप...